>

Title : The Speaker made a reference on the occasion of International Mother Language Day.

–

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप लोग जानते हैं कि भाषायी और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 फरवरी पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नःसंदेह बच्चों के लालन-पालन और विकास में मातृभाषा की अहम भूमिका होती है। पूरी दुनिया के लोगों के बीच संचार, परस्पर-संवाद और आपसी समझ-बूझ के माध्यम के रूप में भाषाओं को बढ़ावा देते हुए हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण में सहायता प्रदान करने और उसे पुनरुज्जीवित करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है।

अपनी भाषायी तथा अन्य विविधताओं के बावजूद भारत एक समष्टिपरक देश के रूप में उभरा है। इस अवसर पर हम भाषा सीखने तथा हमारी और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्ध भाषायी विविधता बनाए रखने हेतु नीति विकसित करने के हमारे प्रयासों को और आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हैं।